कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष–स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.)

E-mail—pccfwl@mp.gov.in

इंटरपोल के रेड नोटिस वाले फरार अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों पर वन्यजीव मुख्यालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी हेतु ईनाम राशि बढ़ाई।

प्रेस विज्ञप्ती (34/26,**दिनांक** 08.06.2026)

WANTED

आरोपी नाम- जे. ई. तमांग
ईनाम राशि 01 लाख रूपये

आरोपी नाम- ढरके लामा
ईनाम राशि 50 हजार रूपये



आरोपी नाम- रहमान तालुकदार
ईनाम राशि 50 हजार रूपये

वन एवं वन्यजीव संरक्षण हेतु लगातार समग्र प्रयास किये जा रहे है। इस दिशा में कार्यवाही करते हुए स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश की इकाई भोपाल अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 14198/03 दिनांक 13.07.2015 जो कि वन्यप्राणी बाघ के अवैध शिकार एवं बाघ के अंगो की अंतर्राज्जीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध तस्करी से सम्बंधित है, उक्त प्रकरण में संलिप्त मुख्य सरगना आरोपी **जे. ई. तमांग निवासी दिल्ली एवं ढरके लामा, निवासी काठमांडू, नेपाल** विगत 10 वर्षो से फरार है जिनके विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के द्वारा जमानत निरस्त किये जाने कारण, माननीय सी. जे. एम. न्यायालय, नर्मदापुरम द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है, इसी प्रकार स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश की इकाई शिवपुरी के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 237/20 दि. 12.07.2025 जो कि वन्यप्राणी कछुए एवं घड़ियाल की अंतर्राज्जीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध तस्करी से सम्बंधित है, में संलिप्त फरार आरोपी **अल हज मो. शफिकुँल इस्लाम उर्फ रहमान तालुकदार निवासी ढाका, बांग्लादेश** जिसके विरुद्ध माननीय सी जे एम न्यायालय, शिवपुरी द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ है। उक्त प्रकरणों में अपराध की गंभीरता एवं **अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आरोपियों** की संभावित गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए **इंटरपोल (Interpol) द्वारा तीनों आरोपियों के विरुद्ध रेड नोटिस (Red Notice)** भी जारी किया जा चुका है। उक्त आरोपियों की पतासाजी/ गिरफ्तारी हेतु वन्यजीव मुख्यालय द्वारा **पचास हजार से लेकर एक लाख रूपये तक का ईनाम घोषित किया गया है।**

आरोपियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र	**फरार आरोपी का नाम**	**पिता का नाम**	**निवासी**	**आपराधिक रिकार्ड**	**ईनाम राशि (रुपये)**
1.	JAIY TAMANG @ PASANG LIMI	KONCHOK SONAM TAMANG	MAJNU KA TILA NEW DELHI	POR NO 14198/03 Dt. 13-07-15	**100000/-** **(एक लाख रु.)**
2.	TARKE LAMA@ DHARKE LAMA	SHEERING KUNGA LAMA	HUMLA NEPAL	POR NO 14198/03 Dt. 13-07-15	**50000/-** **(पचास हज़ार रु.)**
3	AL HAJ MD SHAFIQUAL ISLAM ALIAS RAHMAN TALUKDAR	ALHAJ MD IDRIS TALUKDAR	DHAKA BANGLADESH	1-POR No 237/20 Dt. 12-07-25 2- POR No 28060/02 Dt. 05-05-17	**50000/-** **(पचास हज़ार रु.)**

- **वांछित आरोपी की जानकारी मो.न. 9424792115, 9424797059 व 9424797031 पर दी जा सकती है।**
- **वांछित आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जावेगी।**

अधिकृत अधिकारी
कार्या0 प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
(कक्ष- एसटीएसएफ)
मध्यप्रदेश, भोपाल